## खास-खबरें

### जिला स्तरीय सतर्कता, सलाहकार एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न



**बुरहानपुर।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय मीटिंग हॉल में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह एवं एसपी श्री देवेन्द्र पाटीदार की उपस्थिति में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता, सलाहकार एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिनियम के तहत प्राप्त प्रकरणों पर चर्चा की गयी एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए।बैठक में लंबित प्रकरणों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के समक्ष प्रकरणों की वस्तुस्थिति की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। संबंधित प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही एवं विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री सृजन वर्मा, अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान, अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश, डिप्टी कलेक्टर श्रीमति पल्लवी पुराणिक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री भरत जांचपुरे सहित समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

### अस्मिता कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय महिला खेलों का किया जाएगा आयोजन

**उमरिया।** जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को अस्मिता कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय महिला खेलों का आयोजन युवा भारत उमरिया एवं भारतीय खेल प्राधिकरण तथा खेलो इंडिया केंद्र उमरिया के तत्वाधान में स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन स्पोर्टस फॉर वुमेन के अंतर्गत संचालित अस्मिता योजना भारत सरकार की प्रमुख पहल है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयु वर्ग अंडर 13 वर्ष 13-18 वर्ष एंव 18 वर्ष से आधिक की बालिकाओ / महिलाओ हेतु आयोजित की जाएगी लगभग 1000 बालिकाएं और महिलाएं विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेगी। उन्होने बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, मनोरंजन के खेल आयोजित किए जाएंगे।

### कमिश्नर 11 मार्च को करेंगे सिंगरौली जिले की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 11 मार्च को सिंगरौली जिले में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। सिंगरौली कलेक्ट्रेट में दोपहर 12 बजे से आहूत बैठक में कमिश्नर द्वारा कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, संकल्प से समाधान अभियान सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ई आफिस, पेंशन प्रकरण, जारी पीपीओ के विरूद्ध भुगतान आदि की समीक्षा की जायेगी। बैठक में सिंगरौली जिले के विभाग प्रमुख एवं संभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### एचपीवी टीका सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध

**बुरहानपुर।** बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी एवं एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण और 15 वर्ष से कम उम्र की किशोरियों को जिला चिकित्सालय सहित जिले के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एचपीवी वैक्सीन के टीके लगाये जा रहे है।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वाय. बी. शास्त्री ने बताया कि टीकाकरण के लिए यूविन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन भी पंजीयन किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग अपील करता है कि 14 वर्ष पूर्ण और 15 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को भविष्य में होने वाली सर्वाइकल कैंसर की संभावनाओ की रोकथाम के लिए एचपीवी का टीका निर्धारित टीकाकरण केन्द्र में जाकर जरूर लगवाये। 99 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर एचपीवी वायरस के कारण होते है यह टीका लगाने के बाद किशोरियो को सर्वाइकल कैंसर से बचाया जा सकता है टीका सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क उपलब्ध है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए पंजीयन अब 10 मार्च तक

**नरसिंहपुर।** रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि पूर्व में 7 मार्च 2026 निर्धारित की गई थी। शासन द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गेहूँ पंजीयन की अवधि में वृद्धि करते हुए इसे अब 10 मार्च 2026 तक निर्धारित किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी पंजीयन केन्द्रों को निर्देशित किया कि तिथि बढ़ाए जाने की जानकारी का क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा सभी पात्र किसानों का पंजीयन निर्धारित अवधि 10 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे बढ़ी हुई अवधि का लाभ लेते हुए शीघ्र अपना गेहूँ पंजीयन करा लें। किसान निकटतम पंजीयन केन्द्र, किसान ऐप, एम.पी. ऑनलाइन अथवा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के कियोस्क के माध्यम से भी अपना पंजीयन करा सकते हैं। समय सीमा के भीतर पंजीयन कराने पर ही किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय का लाभ प्राप्त हो सकेगा। अतः सभी पात्र किसान निर्धारित तिथि तक अपना पंजीयन अवश्य पूर्ण कराएं।

#### मोबाइल ऐप से बुकिंग पर उपलब्ध होगी स्वच्छता साथी सेवा

# ग्रामीण स्वच्छता को सशक्त बनाने वॉश ऑन व्हील सुविधा का उठाएँ लाभ : सीईओ जिपं

**नईदुनिया प्रतिनिधि, अनुपपुर :** स्वच्छता से रोजगार की नई पहल, स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील' सेवा मांग एवं पूर्ति के सिद्धांत पर आधारित एक ऑनलाइन व्यवस्था है जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से आम नागरिक घर के मुखिया अथवा संस्था प्रमुख शौचालय की साफ-सफाई हेतु स्वच्छता साथी को मांग (रिक्वेस्ट) भेज सकते हैं। रिक्वेस्ट प्राप्त होते ही निर्धारित समय पर स्वच्छता सेवा उपलब्ध कराई जाएगी ।



स्मार्ट क्लीनिंग लेकर आई वाश ऑन व्हील सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की नियमित साफ.सफाई एक बड़ी चुनौती रही है जिसमें प्रशिक्षित सफाई कर्मियों की सीमित उपलब्धता प्रमुख कारण रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी के निर्देशानुसार 04 ब्लाको से संबद्ध 25 क्लस्टर निर्माण करते हुए ग्रामों को जोड़ा जा चुका है जिसमे ऑनबोर्ड 36 स्वच्छता साथियों में से 25 स्वच्छता साथियों को प्रशिक्षित करते हुए 25 सेक्टेरों में स्वच्छता साथियों को एलोकेट कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। अब तक अनूपपुर जिले में 1812 मागें प्राप्त हुई हैं जिनमे से 1418 सेवा पूर्ण की गई है। स्वच्छता साथियों द्वारा स्लाट की तिथि के अनुसार सेवा प्रदान की जा रही है । वॉस ऑन व्हील सेवा की मांग व पूर्ति की दैनिक रिपोर्टिंग एसबीएम के जिला समन्वयक द्वारा की जाती है जिसकी जनपदवार समीक्षा सीइओ जिला पंचायत द्वारा की जा रही है। वहीं ब्लॉक समन्वयको द्वारा स्वच्छता साथियों को तकनीकी सहयोग प्रदान करते हुए ग्रामीण अंचल से सम्बद्ध संस्थानों, वाहन शो रूम, वर्कशाप, पेट्रोल पंप, ढाबा, रिसोर्ट, मैरिज गार्डेन इत्यादि में जाकर वाश ऑन व्हील को प्रमोट किया जा रहा है। अब तक जिले के स्वच्छता साथियों द्वारा 2 लाख 23 हजार 347 रूपए की आय अर्जित कर चुके हैं। वाश ऑन व्हील सेवा ग्रामीण अंचलों में घरेलू संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई हेतु एक स्मार्ट आधुनिक एवं मांग आधारित समाधान प्रदान करेगी। मोबाइल एप से बुकिंग प्रक्रिया की जानकारी देते हुए जिला समन्वयक डा रामनरेश वर्मा ने मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन मांग दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेवाएं प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड मोबाइल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा।

**बुकिंग के चरण :** एप डाउनलोड कर भाषा का चयन करें। वॉस आन व्हील एप में आपका स्वागत है प्रदर्शित होने पर आगे बढ़ें पर क्लिक करें। मैं एक नागरिक हूं विकल्प चुनें। मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी भेजें पर क्लिक करें। प्राप्त ओटीपी दर्ज कर ओटीपी सत्यापित करें। नाम एवं लिंग दर्ज कर अपडेट करें। मैप या सूची से अपने गांव का चयन कर पुष्टि करें। पता एवं समीपस्थ स्थान दर्ज कर आगे बढ़ें। नए अनुरोध पर क्लिक कर गांव एवं प्रदर्शित स्वच्छता साथी का चयन करें। शौचालय का प्रकार घरेलू, संस्थागत, सामुदायिक, संख्या दिनांक व समय दर्ज कर अनुरोध सबमिट करें। निर्धारित प्रक्रिया से दर्ज की गई मांग सीधे स्वच्छता साथी तक पहुंचेगी। मांग स्वीकृत होने के पश्चात तय समय पर साफ-सफाई का कार्य पूर्ण किया जाएगा। यह पहल ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है वहीं रोजगार का एक अच्छा माध्यम साबित हो रहा है।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोल :** पंडित शंभू नाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी एवं भौतिकी विभाग द्वारा, मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के समन्वय से दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और अनुसंधान के प्रति अभिरुचि को प्रोत्साहित करना था।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि वैज्ञानिक चिंतन और नवाचार की संस्कृति को सुदृढ़ करने का संकल्प है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे परंपरागत ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय से समाजोपयोगी अनुसंधान को आगे बढ़ाएँ। कुलगुरु ने कहा कि आज की वैश्विक चुनौतियाँ जैसे जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही हल की जा सकती हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में अनुसंधान-आधारित शिक्षा, स्टार्टअप संस्कृति और अंतर्विषयक शोध को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियो द्वारा रंगोली, मॉडल, पोस्टर, पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी तथा स्टार्टअप इनोवेटिव आइडिया प्रेजेंटेशन जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रारंभ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 एवं 41वें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन के पुरस्कार समारोह का प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया तथा महिला वैज्ञानिकों पर आधारित प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डॉ नागेंद्र चंदवंशी, सह प्राध्यापक, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. प्रवीण शर्मा सहित विष्वविद्यालय के अन्य प्रोफेसर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### ग्राम बिजोरा में किसानों को मिला अमरबेल नियंत्रण का वैज्ञानिक प्रशिक्षण

**अनुपपुर।** कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के निर्देशन में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कृषि क्षेत्र में तकनीकी विस्तार तथा फसलों को परजीवी खरपतवारों से बचाने के उद्देश्य से विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम बिजोरा में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता कृषि वैज्ञानिक सूर्यकांत नागरे ने किसानों को संबोधित करते हुए अमरबेल (Cuscuta) के वैज्ञानिक नियंत्रण पर विस्तृत जानकारी दी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम बरबसपुर स्थित कथली नदी में किया गया बोरी बंधान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उमरिया :** प्रदेश सरकार व्दारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल की एक एक बूंद को संरक्षति करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत जल की एक एक बूंद को संरक्षित किया जाने का काम किया जाएगा। जल का संरक्षण करना हम सबकी महती जिम्मेदारी है।

इसके लिए आवश्यकता है कि अपने ग्राम में आस पास के जल स्त्रोतो को संरक्षित करें। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने ग्राम बरबसपुर स्थित कथली नदी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बोरी बंधान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि जल का संरक्षण होने पर इस पानी का उपयोग मवेशियों सहित आम जन कर सकेंगे।उन्होंने कहा कि आवश्यकता है कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जनांदोलन बनाने की जिसमें समाज के हर वर्ग एवं उम्र के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो। बोरी बंधान कार्यक्रम में अधिकारियों,कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, डिप्टी कलेक्टर एवं सीईओ जनपद पंचायत मानपुर प्रत्युष श्रीवास्तव, करकेली जनपद पंचायत सीईओ ऋषभ शुक्ला, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग से आर के गुप्ता, सरपंच सहित ग्रामीणों ने भाग लिया।

### छात्राओं का किया गया एचपीव्ही टीकाकरण

**सिंगरौली।** सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीव्ही टीकाकरण अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी किया गया है। इस महत्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, सिंगरौली द्वारा बेटियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए एक सराहनीय पहल की गई। एकलव्य और माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, गड़ेरिया जिला सिंगरौली की छात्राओं को उत्साह और जागरूकता के साथ एचपीव्ही वैक्सीन लगाई गई। इस अभियान का उद्देश्य बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने छात्राओं को टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी और टीका लगने के बाद छात्राओं को टीकाकरण प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

## ग्राम पंचायत भौरझिर में 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत शिविर का समापन

#### शिविर में 187 आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण किया गया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, नरसिंहपुर :** जिले की ग्राम पंचायत भौरझिर में 'संकल्प से समाधान' अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 187 आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में गरीबी रेखा की सूची में नाम जोड़ने के लिए 17 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, उक्त आवेदनों की जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के यू.डी.आई.डी. कार्ड/ दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चांवरपाठा में 10 मार्च को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित शिविर में दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे। उन्होंने गांव के दिव्यांगजनों से अपील की कि वे शिविर में पहुंचकर अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र अवश्य बनवाएं, ताकि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि सभी पात्र नागरिक आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने अपना किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बनवाया है, वे अपना किसान क्रेडिट कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाएं, जिससे किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और कल्याणी पेंशन जैसी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आयोजित शिविर में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ई-टोकन प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसके माध्यम से किसानों को खाद प्राप्त करने में काफी सहूलियत हो रही है। उन्होंने किसानों को फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवाने को कहा। कलेक्टर ने आयोजित शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए, जिससे हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में कॉलेज लेवल आइडिया कॉम्पिटिशन आयोजित

**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी के इन्क्यूबेशन सेंटर में 6 मार्च को कॉलेज लेवल आइडिया कॉम्पिटिशन का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत अधिकांश आइडिया सामाजिक समस्याओं के समाधान पर आधारित रचनात्मक और नवाचारपूर्ण रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर सिंह ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों में नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से महाविद्यालय द्वारा निरंतर ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जो युवाओं को विचार से लेकर उसके सफल क्रियान्वयन तक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इन्क्यूबेशन सेंटर के नोडल अधिकारी प्रो. राकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित सर्वश्रेष्ठ विचारों को आगे विकसित करने के लिए विद्यार्थियों को मेंटरशिप एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## किसानों की भूमि के रकबे और फसल का समय सीमा में सत्यापन करें : कलेक्टर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रीवा :** समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन अब 10 मार्च तक किया जायेगा। किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों अथवा ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गेंहू उपार्जन के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पंजीकृत किसानों द्वारा दर्ज रकबे का शत-प्रतिशत सत्यापन करें। सभी एसडीएम और तहसीलदार पोर्टल पर सत्यापन की अद्यतन जानकारी दर्ज कराएं। ई-उपार्जन पोर्टल में किसानों द्वारा दर्ज रकबे तथा गिरदावरी से प्राप्त रकबे से सत्यापन करें। गेंहू उपार्जन की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति तत्काल गठित कराएं। गेंहू की गुणवत्ता की जाँच के लिए भी समुचित व्यवस्था करें।



कलेक्टर ने कहा कि जिले के लिए निर्धारित किए गए खरीदी केन्द्रों में समय रहते उपार्जन के लिए आवश्यक प्रबंध करें। सभी खरीदी केन्द्रों में तौलकांटा, बारदाने, हम्माल की समुचित व्यवस्था करें।

किसानों के लिए छाया और पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था करें। खरीदी केन्द्रों में उपार्जित गेंहू के सुरक्षित भण्डारण तथा आकस्मिक वर्षा से बचाव के लिए भी व्यवस्थाएं रखें। सभी राजस्व अधिकारी तथा उपार्जन से जुड़े अधिकारी खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। आगामी 10 मार्च को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपर मुख्य सचिव खाद्य द्वारा उपार्जन तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें। कलेक्टर ने कहा कि तकनीकी समस्या के कारण धान उपार्जन के जिन किसानों का भुगतान लंबित है उन्हें शीघ्र भुगतान कराएं। महाप्रबंधक सहकारी बैंक तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम दो दिवस में तकनीकी बाधाएं दूर करके किसानों को भुगतान कराएं।

### जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक 10 मार्च को

**सीधी।** अग्रणी जिला प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक का आयोजन 10 मार्च 2026 को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। बैठक में निर्धारित एजेंडे के अनुसार दिसंबर 2025 समाप्त तिमाही की प्रगति तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की बैंकवार समीक्षा की जाएगी। इस संबंध में सभी बैंकों के जिला समन्वयकों एवं संबंधित शासकीय विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की पुष्टि एवं पालन प्रतिवेदन की बैंकवार समीक्षा, समस्त शासकीय योजनाओं की बैंकवार एवं शाखावार समीक्षा, जमा एवं अग्रिम अनुपात तथा अन्य बैंकिंग पैरामीटर की दिसंबर 2025 तक की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही जिला साख योजना 2025-26 की प्रगति की समीक्षा तथा जिला साख योजना 2026-27 पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम आवास-2 (आईएसएस) शहरी, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, केसीसी पशुपालन एवं मत्स्य पालन, पीएमएफएमई योजना तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी।

**स्पेशल खबर** अभियान के प्रथम चरण में 12 जनवरी से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में दल गठित कर जन सामान्य से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं...

# क्लस्टर स्तर पर ग्राम बरबसपुर में संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविर संपन्न

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उमरिया :** अभियान को गंभीरता से लेते हुए प्रकरणों का करें निराकरण – कलेक्टर उमरिया 6 मार्च । पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के प्रथम चरण में 12 जनवरी से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में दल गठित कर जन सामान्य से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाए,ताकि आम जन को शासकीय योजनाओं का लाभ समय से मिल सके। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने क्लस्टर स्तर पर ग्राम बरबसपुर में आयोजित संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन व्दारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके , इसी उददेश्य से सरकार व्दारा संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होने कहा है कि अभियान के तहत कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजना का लाभ पाने से वंचित नही रहें, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए, इसके लिए आवश्यक है कि 31 मार्च तक घर घर संपर्क करते हुए लोगो से आवेदन प्राप्त किए जाएं तथा उन्हें योजना के लाभ से लाभांवित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने शिविर में एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में



पूछताछ की जिस पर बताया गया कि 14 वर्ष एवं 15वें वर्ष में चल रही किशोरियों का टीकाकरण सतत् रूप से किया जा रहा है। टीकाकरण का कार्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। शिविर में जिला प्रमुख अधिकारियों व्दारा विभाग व्दारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करते हुए उनके निराकरण करनें की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की गई। क्लस्टर स्तर पर बरबसपुर मे आयोजित शिविर में बरबसपुर, ददरौडी, घघराड, बडवार, रोहनिया, मझगवा, कोडार,पिपरिया,सेमरिया, रथेली, कछराटोला, सेहराटोला के ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में बताया गया कि ग्राम बरबसपुर में 12 जनवरी से घर घर भ्रमण करके 125 आवेदन प्राप्त किये गये , जिनमें सभी का निराकरण कर दिया गया है। इसी तरह घघराड में प्राप्त 82 आवेदनों में से सभी का निराकरण, बडवार में प्राप्त 129 आवेदनों में से सभी का निराकरण, रोहनिया में प्राप्त 46 में से 45 का निराकरण, मझगवां में प्राप्त 74 में से 54 का निराकरण, रथेली में प्राप्त 74 में से 72 का निराकरण कछराटोला में प्राप्त 48 में से 43 का निराकरण, सेहराटोला में प्राप्त 33 आवेदनो मे से सभी का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने कम संख्या में प्राप्त आवेदनों पर गति लाने के निर्देश दिए। शिविर में ग्रामीणों ने पानी की समस्या बताई जिस पर कलेक्टर ने कहा कि ग्राम बरबसपुर में 1 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से रपटा कम स्टॉप डेम का निर्माण कार्य के लिए राशि डीएमएफ से स्वीकृत कर दी गई है। उन्होने आर ई एस विभाग के कार्यपालन यंत्री से कहा कि बरसात के पूर्व निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से भविष्य में नहीं जूझना पड़े। उन्होने वर्तमान में पेयजल समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग को कुएं का गहरीकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग व्दारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए नि:शुल्क दवाई वितरित कि गई। इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग,बिजली विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग,जन जातीय कार्य विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में राजेश रैदास को रिकार्ड सुधार होने का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।